पूल की मरम्मत की वजह से जलीय सुविधाएं बंद हैं

क्लेटन एक्वेटिक्स और हेल्थ क्लब का जलीय क्षेत्र सोमवार 19 जून 2023 से रविवार 16 जुलाई 2023 तक पूल कॉनकोर्स की मरम्मत के काम के कारण बंद रहेगा। इन कार्यों की अवधि के दौरान जलीय क्षेत्र या सुविधाओं तक कोई पहुंच नहीं होगी।

स्विमिंग क्लासेज़, एकुआ क्लासेज़, कैजुअल स्विमिंग और स्पा तक पहुच सहित सभी निर्धारित गतिविधियां रद्द कर दी जाएंगी और/या उपलब्ध नहीं होंगी। जिम और ड्राई ग्रुप फिटनेस कार्यक्रम उपलब्ध रहेंगे, हालांकि हम पूरे काम के दौरान कुछ अवसरों पर शोर के प्रभाव की आशंका रखते हैं।

हम इस बात को मानते हैं कि यह हमारे समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण असुविधा है। हालांकि, हमने निर्धारित किया है कि प्रस्तावित तिथियों के दौरान कार्यों को पूरा करने से कार्यक्रमों और सेवाओं पर कम से कम समग्र प्रभाव पड़ेगा।

आगामी सेवा व्यवधान की तैयारी में, हमने अपने ग्राहकों के लिए नीचे सारांश विकल्प प्रदान किए हैं। जहाँ संभव होगा, हमारी प्राथमिकता वैकल्पिक कार्यक्रमों और सेवाओं में चल रही भागीदारी का समर्थन करना होगा।

सदस्यता

सेवाओं का उपयोग जारी रखने के लिए क्लेटन के सदस्यों को निरंतर अवसर प्रदान करने के लिए हम अपनी अन्य साइटों पर समकक्ष सेवाओं तक अतिरिक्त पहुंच की पेशकश करेंगे। मंगलवार 13 जून (राजा के जन्मदिन वाली सार्वजनिक छुट्टी के बाद का दिन) से सभी सदस्यों को सोमवार 19 जून को काम शुरू होने से पहले अन्य साइटों पर सेवाओं को आजमाने का मौका मिलेगा।

- **एक्वेटिक्स सदस्य** - सौना, स्टीम रूम और स्पा सहित मोनाश एक्वेटिक्स एंड रिक्रिएशन सेंटर में जलीय सुविधाओं तक उन्नत पहुंच।

- **ग्रुप फ़िटनेस सदस्य** - मोनाश एक्वेटिक्स और रिक्रिएशन सेंटर और ओकलिह रिक्रिएशन सेंटर में ग्रुप फ़िटनेस समय सारिणी तक उन्नत पहुंच (ओकलिह में सुधारक पिलातिज़ को छोड़कर)

- **पूर्ण सदस्य(जिम/ग्रुप फिटनेस/एक्वेटिक्स)**- ओकलिह रिक्रिएशन सेंटर और मोनाश एक्वाटिक एंड रिक्रिएशन सेंटर तक उन्नत पहुंच। कृपया ध्यान दें कि ओकलिह में बाहरी जलीय सुविधाएं मौसमी हैं और वर्तमान में बंद हैं।

यदि सदस्य वैकल्पिक स्थानों पर सेवाओं का उपयोग करने में असमर्थ हैं तो हम निम्नलिखित विकल्प प्रदान कर सकते हैं:

- **स्थानांतरण** - क्लेटन एक्वेटिक्स और हेल्थ क्लब(यानी एक्वेटिक्स सदस्यता से जिम सदस्यता)में शेष सेवाओं का उपयोग जारी रखने के लिए कार्यों की अवधि के दौरान आपकी सदस्यता को एक वैकल्पिक सेवा में **स्थानांतरित** कर सकते हैं। कृपया हमारी दोस्ताना मेंबरशिप टीम के साथ स्थानांतरण पूरा करने के लिए समय की व्यवस्था करने के लिए रिसेप्शन से मिलें।

- **निलंबन** - आपकी सदस्यता निलंबित की जा सकती है यदि आप वैकल्पिक सुविधाएं प्रयोग करने में असमर्थ हैं,सदस्यों का काम की अवधि के दौरान उनकी सदस्यता को निलंबित करने के लिए स्वागत है। निलंबन अनुरोध सबमिट करने के लिए कृपया हमारी वेबसाइट पर 'Manage My Membership(मेरी सदस्यता प्रबंधित करें)' पर जाएं या जब आप अगली बार आएं तो अधिक जानकारी के लिए रिसेप्शन से मिलें।

मल्टी-विजिट पास (अधिक बार आने के लिए पास):

सभी वैध क्लेटन मल्टी-विजिट पास की समाप्ति तिथि कार्य के आरंभ होने पर 4 सप्ताह तक बढ़ा दी जाएगी। इसमें एक्वेटिक्स और ग्रुप फिटनेस पास शामिल हैं।

- **एक्वेटिक्स मल्टी-विजिट पास** - मोनाश एक्वेटिक्स और रिक्रिएशन सेंटर में एक्वेटिक्स सुविधाओं तक उन्नत पहुंच

- **ग्रुप फ़िटनेस मल्टी-विज़िट पास** - मोनाश एक्वेटिक्स और रिक्रिएशन सेंटर और ओकलिह रिक्रिएशन सेंटर (ओकलिह में सुधारक पिलातिज़ को छोड़कर)में ग्रुप फ़िटनेस समय सारिणी तक उन्नत पहुंच

तैरना सीखें

क्लेटन एक्वेटिक्स और हेल्थ क्लब में मिंकी स्विम स्कूल कार्यक्रम में बदलाव के बारे में कृपया नीचे दी गई जानकारी देखें।

टर्म आधारित मिंकी स्विम स्कूल कार्यक्रम और एक्सप्रेस कार्यक्रम, कार्यों की अवधि के दौरान, सोमवार 19 जून से रविवार 16 जुलाई 2023 तक नहीं चलेंगे।

क्लेटन के छात्रों को मोनाश एक्वेटिक्स और रिक्रिएशन सेंटर में मानार्थ प्रवेश दिया जाएगा और टर्म 3 कार्यक्रम से पहले अपने कौशल का अभ्यास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

मिंकी स्विम स्कूल टर्म प्रोग्राम में क्लेटन एक्वेटिक्स और हेल्थ क्लब द्वारा फेर बदल

- **सत्र 2** के पाठ एक (1) सप्ताह पहले समाप्त होंगे और अंतिम पाठ रविवार 18 जून को समाप्त होगा।

- **सत्र 3** के पाठ सोमवार 17 जुलाई 2023 से निर्धारित समय से एक (1) सप्ताह बाद शुरू होंगे।

- पूरे कार्य के दौरान प्रत्येक पखवाड़े में होने वाले पाठों की संख्या के हिसाब से **सीधे डेबिट भुगतानों** में बदलाव कर दिया जाएगा।

- **अपफ्रंट टर्म 2** भुगतानों को समायोजित किया जाएगा और क्रेडिट को टर्म 3 नामांकन के लिए लागू किया जाएगा।

- क्लेटन में **अपफ्रंट टर्म 3** की लागत को घटाए गए पाठों को ध्यान में रखते हुए समायोजित किया जाएगा।